भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

Indian Council of Medical Research
Department of Health Research, Ministry of Health and Family Welfare, Government of India

# भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद

**विज्ञापन संख्या: केंद्रीय प्रापण प्रकोष्ठ/स्टाफ/परामर्शक/2025-26** **दिनांक: 27.07.2026**

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (मुख्यालय) का केंद्रीय प्रापण प्रकोष्ठ प्रभाग, पूर्ण रूप से संविदा आधार पर अस्थाई परामर्शकों (प्रशा.) की नियुक्ति करने का प्रयोजन रखता है।

**पद/अर्हता/अनुभव/कार्य का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है:**

| | |
|---|---|
| पद का नाम | कनिष्ठ परामर्शक (प्रशा.) - प्रापण (खरीद) |
| पदों की संख्या | दो (2) |
| तैनाती का स्थान | परिषद मुख्यालय ,नई दिल्ली |
| अनिवार्य अर्हता | ऐसे पेशेवर, जिनके पास प्रासंगिक विषय जैसे प्रबंधन/कानून/लोक प्रशासन/वित्त और लेखा/सीए/आईसीडब्ल्यूए/वाणिज्य/अर्थशास्त्र आदि में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त करने के पश्चात प्रशासनिक/वित्त और लेखा में कम-से-कम 6 वर्ष कार्य करने का अनुभव हो, जिसमें से 5 वर्ष का अनुभव सरकारी विभाग/सार्वजानिक उपक्रम/स्वायत्त निकायों में सार्वजनिक खरीद और **GeM (**गवर्नमेंट ई-मार्केट) के माध्यम से निविदा प्रक्रिया से संबंधित हो। |
| वांछनीय अर्हकता | • अनिवार्य अर्हता प्राप्ति के बाद प्रापण में पूर्व अनुभव।<br>• प्रबंधन टूल्स और माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस जैसे सांख्यिकी टूल्स का ज्ञान।<br>• ऑफ़िस की कार्यप्रणाली और ई-ऑफ़िस टिप्पण/प्रारूपण का ज्ञान। |
| कर्तव्यों की प्रकृति | • परिषद और इसके संस्थानों के लिए सामग्री/एएमसी/सेवाओं से संबंधित निविदा के मामलों में सहायता करना।<br>• पूर्व-बोली, तकनीकी मूल्यांकन और वित्तीय वार्तालाप बैठकों की निगरानी/समय पर बैठक बुलाकर निविदा प्रक्रिया में सहायता करना।<br>• निविदा का मसौदा तैयार करना और **GeM** पर ऑर्डर देना।<br>• लेखा-परीक्षा से संबंधित प्रश्नों के उत्तर तैयार करना और प्रशासनिक/खरीद मामलों से संबंधित मुद्दों की तैयारी करना।<br>• इसके अलावा, निविदा प्रक्रिया के लिए संस्थानों द्वारा जमा करवाए गए दस्तावेजों की जांच करना और यथाआवश्यकतानुसार वार्षिक खरीद की योजना तैयार करना।<br>• सीपीसी प्रभाग- प्रमुख द्वारा सौंपे गए अन्य कोई कार्य। |

| | |
|---|---|
| परिलब्धियां | ₹60,000/- से ₹90,000/- समेकित प्रति माह |
| आयु सीमा | 40 वर्ष तक |
| कार्यकाल | आरंभ में एक वर्ष की अवधि के लिए, जिसे परिषद के दिशानिर्देशों के अनुसार बढ़ाया जा सकता है। |

**सामान्य निबंधन एवं शर्तें:**

1. यह पद पूर्ण रूप से अस्थाई और संविदा आधार पर है, और चयनित उम्मीदवार परिषद या इसके संस्थानों/केंद्रों में नियमित नियुक्ति के लिए कोई दावा नहीं करेगा।
2. **परामर्श की अवधि** : परामर्शक की नियुक्ति की प्रारंभिक अवधि एक वर्ष से अधिक नहीं होगी और पद से अपेक्षित कार्यों की आवश्यकताओं और इसकी समाप्ति की रूप-रेखा और सक्षम प्राधिकारी द्वारा कार्य-निष्पादन के मूल्यांकन के आधार पर मामला-दर-मामला अनुवर्ती विस्तार पर, यदि हुआ, तो विचार किया जा सकता है तथा यह अवधि 5 वर्ष से अधिक नहीं होगी।
3. परामर्शक किसी अन्य सुविधा, जैसे कि मानदेय या भत्ते (जैसे भविष्य निधि, पेंशन योजना, महंगाई भत्ता, घर का टेलीफ़ोन, परिवहन सुविधा, आवासीय व्यवस्था, वैयक्तिक स्टाफ़, सीजीएचएस और चिकित्सा प्रतिपूर्ति आदि) के हकदार नहीं होंगे।

इच्छुक और पात्र उम्मीदवार अनुलग्नक-**1** के अनुसार निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र और सीवी ईमेल आईडी के माध्यम से **12 अगस्त 2026 (15 दिनों के भीतर)** तक https://forms.gle/h3oRogmJhT9STW8E9 पर जमा कर सकते हैं। देरी/विलंब से आने वाले /अपूर्ण आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा और बिना कोई कारण बताए या पत्राचार किए बिना सीधे ही अस्वीकार कर दिया जाएगा। अतः, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपना आवेदन समय से जमा करें।

सफल उम्मीदवारों की उम्मीदवारी परिषद द्वारा सभी मूल दस्तावेजों के सत्यापन और अर्हता, आयु, अनुभव आदि के संबंध में सभी अपेक्षित पात्रता मानदंडों को पूरा करने के अधीन होगी। सफल उम्मीदवारों को वॉक-इन-इंटरव्यू के बारे में ईमेल के माध्यम से सूचित किया जाएगा।

**नियुक्ति की प्रक्रिया और शर्तें :**

1. उम्मीदवार का चयन वॉक-इन-इंटरव्यू में उनके प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा।
2. उम्मीदवारों को वॉक-इन-इंटरव्यू के दिन सत्यापन के लिए उल्लेखित सभी मूल दस्तावेज़ साथ में लाने होंगे।
3. चयन हो जाने पर, उम्मीदवारों को कार्यभार ग्रहण करते समय अपनी आयु, शैक्षिक अर्हता, अनुभव, प्रशंसा-पत्र आदि की विधिवत स्व-सत्यापित प्रतियां जमा करवानी होंगी।
4. अपूर्ण आवेदन या निर्धारित प्रारूप में जमा न किए गए, फोटोरहित और अहस्ताक्षरित या अंतिम तारीख के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों को सीधे अस्वीकार कर दिया जाएगा।
5. गलत या असत्य जानकारी प्रस्तुत करने पर भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में उम्मीदवारी अयोग्य घोषित कर दी जाएगी।

6. अर्हता और अनुभव प्रासंगिक विषय/क्षेत्र में होना चाहिए और सक्षम प्राधिकरण से मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित संस्थान/संगठन से होना चाहिए।
7. परिषद के महानिदेशक बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं और इस संबंध में कोई पत्राचार/सिफारिश स्वीकार नहीं की जाएगी।
8. परिषद के महानिदेशक वेबसाइट पर विज्ञापित किसी भी पद को भरने या न भरने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।
9. परिषद के महानिदेशक उम्मीदवारों की एक प्रतीक्षा-सूची का पैनल तैयार/फ्रेम करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं जो एक वर्ष के लिए मान्य होगा।
10. परिषद के महानिदेशक निर्धारित अनुबंध अवधि या विस्तारित अनुबंध अवधि के दौरान भी, बिना कोई कारण बताए सेवा समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।
11. साक्षात्कार में भाग लेने या पद का कार्यभार ग्रहण करने के लिए कोई भी यात्रा भत्ता/महंगाई भत्ता नहीं दिया जाएगा और उम्मीदवारों को साक्षात्कार के दौरान, और यदि चयन होता है तो कार्यभार ग्रहण करने के बाद रहने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
12. उपर्युक्त रिक्तियों के संबंध में किसी भी परिशिष्ट/शुद्धि-पत्र की सूचना केवल परिषद की वेबसाइट https://www.icmr.gov.in/employment-opportunities पर ही प्रकाशित की जाएगी और प्रेस में कोई अन्य अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी। आवेदकों से अनुरोध है कि अद्यतन जानकारी के लिए परिषद की वेबसाइट https://www.icmr.gov.in/employment-opportunities नियमित रूप से देखें।
13. सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

-हस्ता-

(स्वाति दिलीप गायकवाड़)

वरि. प्रशासन अधिकारी

# भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
# INDIAN COUNCIL OF MEDICAL RESEARCH

## संविदा आधार पर परामर्शक के पद के लिए आवेदन-पत्र
## (Application Form for the Post of Consultant On Contract Basis)

| नवीनतम फोटो / recent Photograph |
|---|

1. आवेदित पद/Position applied for...........................................................................................

2. उम्मीदवार का नाम (मैट्रिक प्रमाण-पत्र के अनुसार)/...................................................................................
Name of the Candidate (As per matriculation certificate)...............................................................

3. पिता का नाम/Father's Name.........................................................................................................

4. जन्म-तिथि /Date of Birth
(मैट्रिक प्रमाण-पत्र के अनुसार)/As per matriculation certificate)...........................................................

5. आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख के अनुसार आयु/.........................................................................................
Age as on the last date of receipt of application.......................................................................

6. लिंग (पुरुष/महिला)/Gender(Male/Female)...........................................................................................

7. पत्राचार के लिए डाक का पता/Postal Address for correspondence.....................................................
.............................................................................................
.............................................................................................

8. स्थाई पता/Permanent Address
..............................................................................................
.............................................................................................
...........................पिनकोड/Pincode..............................................

9. मोबाइल नं./Mobile No.
..............................................................................................

10. ईमेल-आईडी/Email Id
..............................................................................................

11. शैक्षिक/पेशेवर योग्यताएं (अपर्याप्त स्थान की स्थिति में, कृपया आवेदक द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित अलग शीट संलग्न की जा सकती है):/ Educational/ Professional qualifications (In case of insufficient space, please attach separate sheet duly signed by the applicant):

| क्र. सं./Sl. No. | उत्तीर्ण परीक्षा/डिग्री/ Exam/Degree passed | विद्यालय/महाविद्यालय/विश्वविद्यालय / School/college/ University | लिए गए विषय/Subject Taken | उत्तीर्ण वर्ष/Year of passing | कक्षा/श्रेणी प्रतिशत/Class/ Division %age |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |

12. कार्य का अनुभव (यदि स्थान अपर्याप्त हो तो कृपया आवेदक द्वारा हस्ताक्षरित अलग शीट संलग्न की जा सकती है):/
Work Experience (In case of insufficient space, please attach separate sheet duly signed by the applicant):

13. आहरित अंतिम वेतन / Last Pay Drawn

……………………………………………………………………………………

14. कोई अन्य सूचना/ Any other information

……………………………………………………………………………………

(अभ्यर्थी के हस्ताक्षर) /
(Signature of the candidate)

**घोषणा/DECLARATION**

i. मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मैं संविदा नियुक्ति के पद के लिए निर्धारित आयु सीमा, शैक्षिक योग्यता और अनुभव आदि से संबंधित पात्रता की सभी शर्तों को पूरा करता/करती हूँ।/ I hereby declare that I fulfill all the conditions of eligibility regarding age limits, educational qualifications and experience etc, prescribed to the post on contractual appointment.

ii. यह भी घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवेदन में दिए गए सभी विवरण मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण और सही हैं। मैं समझता/समझती हूँ कि साक्षात्कार से पहले या बाद में किसी भी सूचना के दावे/झूठे या गलत पाए जाने या अयोग्यता पाए जाने की स्थिति में मेरी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है।/ It is further declare that all statements made in this application are true, complete and correct to the best of my knowledge and belief I understand that in the event of any information being found suppressed /false or incorrect or ineligibility being detected before or after the interview, my candidature is able to be cancelled.

स्थान:/Place:
दिनांक:/Date:

(आवेदक के हस्ताक्षर)/
(Signature of candidate)

**(अहस्ताक्षरित आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा)/**
**(Unsigned application will be rejected)**

**नोट:-** शैक्षिक/पेशेवर योग्यताएं एवं अनुभव प्रमाण-पत्र से संबंधित सहायक दस्तावेजों के बिना आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा।/The application without supporting documents pertaining to education/professional qualifications and experience certificate shall liable to be rejected.